सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 159 | जौनपुर, सोमवार, 27 जनवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## अयोध्या की तरह विकास की नई बुलंदियों को छुएगा मिल्कीपुर : मुख्यमंती योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भदरसा में दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, उसके साथ फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। इसीलिए कहते हैं कि देख सपाई, बिटिया घबराई। मिल्कीपुर में मोईद खान के भक्तों को नहीं राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। सीएम योगी शुक्रवार को मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज में पलिया चौराहे के पास खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उमड़ी भीड़ से उन्होंने कहा कि भदरसा में दलित बेटी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान को सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा है। ये वही लोग हैं, जो डीएनए जांच कराने के नाम पर उसे बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देते हैं। यही सपा और उनके नेताओं का वास्तविक चरित्र है। भदरसा नगर पंचायत का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबरदस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित और गरीब की सुनवाई होगी, माफिया–अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र



देव के नाम पर है। इसका उन्नयन किसी से छिपा नहीं है। हैरिंग्टनगंज का नाम भी स्वामी वामदेव व विष्णु नगर के नाम पर होना चाहिए। सपाई गुलामी की मानसिकता को लेकर चलें, लेकिन हम राम–कृष्ण, बाबा विश्वनाथ व सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। आज दुनिया वाले अयोध्या के लोगों को गले लगाते हैं। पीएम मोदी के विजन के कारण यह सम्मान मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सपा ने पूरी ताकत लगाई थी कि गुलामी के ढांचे को कोई टस से मस न कर सके, लेकिन हम लोग कहते थे कि यह हटेगा जरूर। हमारे वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र का निरंतर विकास किया। भाजपा में परिवारवाद व जातिवाद नहीं, सिर्फ राष्ट्रवाद है। भाजपा कार्यकर्ता का सब कुछ देश के लिए है। इसीलिए अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी। यहां की सड़कें फोर और सिक्स लेन हो गईं। राम की पैड़ी की सूरत बदल दी। दीपोत्सव राम की नगरी को नई पहचान दे रहा है। अब मिल्कीपुर के सपूत को विधायक बनाकर अयोध्या की तरह मिल्कीपुर का भी विकास करेंगे। भाजपा सरकार में विकास के लिए पैसों की कमी आड़े नहीं आएगी। मिल्कीपुर विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। पूरे देश में गूंजेगा मिल्कीपुर उपचुनाव का संदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव का संदेश बहुत दूर तक जाएगा। इसे अयोध्या धाम के संदेश में बदलना है। उपचुनाव के बाद यहां से निकला संदेश पूरे देश में गूंजेगा। इस पर हर किसी की नजर है। ऐसे में यहां के लोगों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हाल में हुए उपचुनाव में नौ में से सात सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को इस उपचुनाव का भी रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर–घर जाना है और सपा अयोध्या की दुश्मन है, यह बताना है। जनसभा में प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर मिश्र दयालु, गिरीश चंद्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, अवनीश पटेल, हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय, अभिषेक मिश्र, ऋषिकेश उपाध्याय व हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के आगरा में ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो लोगों की मौत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार रात पिनाहट थाना क्षेत्र में हुआ, जब एक ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर हो गई। उसने बताया कि तिपहिया वाहन पर सवार सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार रात पिनाहट थाना क्षेत्र में हुआ, जब एक ट्रैक्टर और ऑटोरिक्शा की टक्कर हो गई। उसने बताया कि तिपहिया वाहन पर सवार सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ये सभी भूतेश्वर से लौट रहे थे। पिनाहट थाने के प्रभारी (एसएचओ) ब्रह्मपाल ने बताया, ''घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां बैकुंठी देवी (35) और गंगा देवी (30) ने दम तोड़ दिया।'' पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नगालैंड में 35 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ को किया गया नष्ट

नगालैंड, (एजेंसी)। दीमापुर और मोन जिलों में पुलिस ने दो अभियानों के दौरान 35 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ को नष्ट किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन मादक पदार्थों को नष्ट किया गया उनमें ब्राउन सुगर, हेराइन, क्रिस्टल मेथ (मेथामफेटामाइन), याबा टैबलेट कफ सिरफ की बोतलें और अफीम शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि दीमापुर की जिला मादक पदार्थ निस्तारण समिति (डीडीडीसीडी) ने शुक्रवार को 34.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ को नष्ट किया। उन्होंने बताया कि मोन जिले में यह आंकड़ा 22.5 लाख रुपये का था।

### गणतंत्र दिवस परेड में 600 से अधिक पंचायत सदस्य विशेष अतिथि के रूप में होंगे शामिल

नई दिल्ली। पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) ने 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए 600 से अधिक पंचायत सदस्यों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इन विशेष अतिथियों को अपने–अपने पंचायतों में प्रमुख योजनाओं के तहत लाभार्थियों की परिपूर्णता पर उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ अपने परिवार के साथ एक फरवरी को संगम में डुबकी लगाएंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने परिवार के साथ एक फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाएंगे। अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए।

## भाजपा सिर्फ एक ट्रिलियन झूठ का रिकॉर्ड बना सकती है - अखिलेश

लखनऊ, (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस दावे को झूठ करार दिया कि राज्य की अर्थव्यवस्था अगले चार वर्ष में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को



हासिल कर लेगी। यादव ने शनिवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में भाजपा के आर्थिक वादों के लिए उसपर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा सिर्फ एक ट्रिलियन झूठ का रिकॉर्ड बना सकती है और कुछ नहीं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की तरफ से फिर से ये जुमला उछाला जा रहा है कि अगले चार वर्ष में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। यादव ने कहा, आज की विकास दर के हिसाब से ये असंभव है, इसीलिए ये एक 'महाझूठ' है। सरकार के खजाने में भ्रष्टाचार की सेंध लगी है। निवेश जमीन पर नहीं उतरा है। किसान व्यापारी और उद्योगपति सब अपने काम को लेकर त्रस्त हैं। बेरोजगारी–बेकारी प्रदेश में गरीबी के नये अध्याय लिख रही है। लोगों के हाथ में पैसा नहीं है तो क्रय शक्ति कहां से आएगी। श्रमिक–मजदूर पलायन कर रहे हैं तो श्रम संसाधन कहां से आयेगा। उन्होंने कहा, जनता कह रही है कि हमें तो यह बताएं कि महंगाई कितनी कम होगी। हमारी आमदनी कितनी बढ़ेगी।

## 5 लाख तक का मुफ्त इलाज, श्रमिकों को 10 हजार वित्तीय सहायता - अमित शाह

नई दिल्ली , (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को संकल्प पत्र को जारी किया। भाजपा ने तीन चरणों में अपना संकल्प पत्र किया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के तीसरा भाग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया है। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली 2025 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी करने के लिए मैं आप सबके सामने उपस्थित हुआ हूं। जैसे कि भाजपा की परंपरा है, हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं, चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम भी मानते हैं। और चुनावों के माध्यम से बनने वाली सरकारों के नीति निर्धारण को निश्चित करने के लिए हम जनता के बीच जाकर चुनाव में भाजपा से उनकी क्या अपेक्षा है, ये जानकारी भी एकत्र करते हैं। अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार सत्ता में आती है तो दिल्ली में रेहड़ी–पटरी वालों को हमारी सरकार आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा 1700 अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देंगे साथ ही निर्माण और बेचने का अधिकार दिया जाएगा। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के लिए संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है और करने वाले कामों की सूची होती है। ये कोरे वादे नहीं होते हैं। 2014 से नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अंदर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस को स्थापित किया है और भाजपा ने जितने भी चुनाव आए, उनमें जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का गंभीरता से प्रयास किया है। इसलिए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, जेजे कलस्टर के निवासियों, असंगठित मजदूरों, मध्यम आय वर्ग, व्यापारियों, पेशेवरों के साथ नीचे तक जाकर सुझाव प्राप्त करने का काम किया है। अलग–अलग प्रकार के 1 लाख 8 हजार लोगों ने अपने सुझाव दिए हैं। 62 प्रकार की अलग–अलग समूहों की बैठक की गई और 41 एलईडी वैन के माध्यम से हमने सुझाव मांगे। दिल्ली में केजरीवाल ऐसी सरकार चला रहे हैं, जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा नहीं करते हैं और फिर से झूठ के एक बहुत बड़े पुलिंदे और भोले से चेहरे के साथ जनता के सामने उपस्थित होते हैं। मैंने अपने राजनीतिक जीवन में इतनी सफाई से झूठ बोलने वाला व्यक्ति नहीं देखा है। केजरीवाल ने कहा था कि मैं, मेरी सरकार का कोई मंत्री सरकारी बंगला नहीं लेंगे। लेकिन इन्होंने बंगला लिया, यहां





तक तो ठीक था, लेकिन 51 करोड़ से ज्यादा खर्च करके 4 बंगलों को एकसाथ मिलाकर इन्होंने एक शीश महल बना दिया। अमित शाह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था, 7 साल में मैं यमुना को एकदम शुद्ध कर दूंगा और कहा था कि मैं दिल्लीवालों के सामने यमुना में डुबकी लगाऊंगा। मैं केजरीवाल जी को याद कराना चाहता हूं कि केजरीवाल जी दिल्ली की जनता आपकी उस विश्वप्रसिद्ध डुबकी की राह देख रही है कि कब आप डुबकी लगाओगे। इन्होंने (केजरीवाल और ।।च ने) काम नहीं करने का एक नया तरीका ढूंढा है। कोई भी काम नहीं करना है तो ये कहते हैं कि हमें पूर्ण राज्य का दर्जा दे दीजिए। जब इन्होंने वादा किया और चुनाव लड़ा तो क्या इन्हें दिल्ली का स्टेटस मालूम नहीं था क्या? केवल बहाने बनाना इनकी फितरत है।

## अपनी एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाता भारत : नरेंद्र मोदी



नई दिल्ली , (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच डवन्े का आदान–प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि जब हम गणतंत्र के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बना है। मैं राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि 2018 में इंडोनेशिया की मेरी यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाया। आज राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण और आपूर्ति में साथ काम किया जाएगा। हमने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोध और डी–रेडिकलाइजेशन में सहयोग पर भी दल दिया है। समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में हुए समझौते से अपराध की रोकथाम, खोज और बचाव तथा क्षमता निर्माण में हमारा सहयोग और मजबूत होगा। पिछले कुछ वर्षों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार तेजी आई है और पिछले वर्ष यह 30 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कहा कि मैं भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा में मुझे दिए गए सम्मान के लिए अपनी सर्वोच्च कृतज्ञता दोहराना चाहता हूं। आज राष्ट्रपति ने मेरा बहुत सम्मान के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार तथा मेरे और मेरी सरकार के बीच बहुत गहन और बेहद स्पष्ट चर्चा हुई। हमने साझा हित के कई प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की। हम आर्थिक क्षेत्र में सहयोग के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं। मैंने अपनी टीम को विनियमन को तेज करने, नौकरशाही को कम करने और भारत–इंडोनेशिया के साझा द्विपक्षीय हितों को सबसे आगे रखने के निर्देश दिए हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति तीन दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार रात यहां पहुंचे। प्रबोवो सुबियांतो का गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत आए हैं।

## गणतंत्र दिवस पर वीरता पुरस्कारों का हुआ ऐलान, 942 जवानों को अवार्ड

नई दिल्ली, (एजेंसी)। गणतंत्र दिवस 2025 के मौके पर इस वर्ष पुलिस, फायर विभाग, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा और सुधार सेवाओं के 942 कर्मचारियों को वीरता सेवा पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इसका ऐलान सरकार ने कर दिया है। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर इस वर्ष वीरता पदक कुल 95 जवानों को मिलने वाला है। वहीं राष्ट्रपति पदक 101 को विशिष्ट सेवा के लिए और 746 को सराहनीय सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस वर्ष वीरता पुरस्कार 95 जवानों को दिया गया है। इसमें अधिकतर पुरस्कार उन जवानों को मिला है जो नक्सली प्रभावति क्षेत्र में तैनात थे। इसमें 28 जवान नक्सली क्षेत्र



के, 28 जम्मू और कश्मीर क्षेत्र के, उत्तर पूर्व के तीन जवान और अन्य क्षेत्र से आने वाले 36 जवानों को सम्मान मिला है। ये पुरस्कार 78 पुलिसकर्मी और 17 अग्निशमन सेवा कर्मचारियों को मिला है। जानकारी के मुताबिक विशिष्ट सेवा के लिए 101 राष्ट्रपति पदक दिए जाते है। इसमेंसे 85 पुरस्कार पुलिस सेवा को पांच अग्निशमन सेवा को, सात नागरिक सुरक्षा होम गार्ड को और चार सुधार सेवा को मिल रहा है। इस वर्ष 746 पदक सराहनीय सेवा के लिए मिल रहे है। ये पुरस्कार 634 पुलिस सेवा को, 37 अग्निशमन सेवा को, 39 नागरिक सुरक्षा–होम गार्ड को और 36 सुधार सेवा को मिल रहा है।

## लाउडस्पीकर धर्म का हिस्सा नहीं, शाही ईदगाह सर्वे पर रोक बढ़ी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कोलकाता रेप–मर्डर केस के दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा की मांग को लेकर हाई कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार। मथुरा के शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का कोर्ट निगरानी में सर्वेक्षण पर रोक बढ़ी। ताहिर हुसैन की अर्जी पर हाई कोर्ट के जजों का अलग–अलग फैसला। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला। इस सप्ताह यानी 20 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डरध जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। कानूनी एजेसियों को ध्वनि प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत ऐक्शन का भी निर्देश दिया। जस्टिस एएस गडकरी और एससी चांडक की बेंच ने ये टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि शोर स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। कोई यह – दावा नहीं कर सकता है कि उसे लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाती है तो उसके अधिकार किसी भी तरह प्रभावित होते हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार प्रार्थना स्थलों के लाउडस्पीकर, वॉइस एम्प्लिफायर के शोर पर काबू के लिए गंभीरता से विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर अंतरिम रोक को बढ़ा दिया, जिसमें उसने मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वेक्षण कोर्ट कमिश्नर से कराने की अनुमति दी थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मस्जिद समिति की अपीलों पर विचार किया, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। ये याचिकाएं उन आदेशों के खिलाफ दायर व की गई है, जिनमें हाई कोर्ट ने मथुरा की अदालतों से संबंधित मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था और दिसंबर 2023 के आदेश में मस्जिद परिसर का निरीक्षण करने के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की अनुमति दी थी। दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार मिली जब सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई की, जिसने कथित तौर पर 2020 में शहर में दंगों के दौरान हिंसा की योजना बनाई और भड़काई और कई आरोपों का सामना किया। हुसैन अब असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ हैं। उन्होंने अगले महीने होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए खुद के लिए प्रचार करने के लिए अस्थायी रिहाई की मांग की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उसे ठुकराए जाने के बाद दायर की गई याचिका, दो न्यायाधीशों की पीठ – न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति पंकज मिथल द्वारा खंडित फैसले के बाद खारिज कर दी गई। जस्टिस अमानुल्लाह इसके पक्ष में थे, लेकिन जस्टिस मिथल नहीं थे। अब इस मामले की सुनवाई एक बड़ी पीठ द्वारा किये जाने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर ट्रेनी डॉक्टर रेप–मर्डर मामले में दोषी को मौत की सजा देने की गुजारिश करते हुए हाई कोर्ट में अपील की। ट्रायल कोर्ट ने सोमवार को दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सियालदह अदालत ने संजय रॉय को मामले में उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद ब्ड ममता बनर्जी ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा की थी। इस घोषणा के 24 घंटे से भी कम समय में राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने सियालदह की अदालत की ओर से पारित आदेश को चुनौती देने के लिए मंगलवार को जस्टिस देबांगसु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बार रशीदी की बेंच के सामने याचिका दायर की। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के कामकाज पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश करने के लिए दिल्ली विधानसभा की विशेष बैठक बुलाने के अध्यक्ष को निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। हालाँकि, अदालत ने कहा कि आतिशी मार्लेना के नेतृत्व वाली सरकार ने रिपोर्ट को पेश करने में काफी समय लिया, जो 12 जनवरी को विधानसभा के समक्ष जारी की गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय भाजपा विधायक विजेंदर गुप्ता और अन्य भाजपा विधायकों की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय से सीएजी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ अपने परिवार के साथ एक फरवरी को संगम में डुबकी लगाएंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने परिवार के साथ एक फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाएंगे। अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने राज्य के उल्लेखनीय कायाकल्प और भारत की विकास गाथा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को सराहा। धनखड़ ने एक फरवरी को महाकुंभ में शामिल होने के योगी के निमंत्रण को स्वीकार करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "मैं अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाऊंगा और राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करने का संकल्प लूंगा।

# दिव्य महापूर्णकुम्भ

हिन्दू पृथ्वी पर मानवता की धार्मिक नीव।

दिव्य महापूर्णकुंभ, सनातन शुद्ध आनंद और परमानंद पर्व, प्रकृति की ओर।

हम ऐसे सभ्यता के पर्व की बात कर रहे है जहाँ कोई पशु बलि नहीं, कोई रक्तपात नहीं, कोई वर्दी नहीं, कोई हिंसा नहीं, कोई राजनीति नहीं, कोई उच नीच नहीं, कोई धर्मांतरण नहीं, कोई संप्रदाय नहीं, कोई अलगाव नहीं, कोई व्यापार नहीं, कोई व्यवसाय नहीं, है तो सिर्फ अध्यात्म अपने को प्रभु के साथ मिलाना और उनके लिए समर्पित हो जाना।




कुंभ स्नान का मंत्र ।

गंगे च यमुने चौव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधिं कुरू ।।

इस बात का हमें सदैव ध्यान रखना चाहिए पूजा पाठ, स्नान, ध्यान, कर्मकाण्ड, ऋषि और गृहस्थ, स्त्री और पुरूष के लिए अलग होते है ।अतः सदा अपने गुरु, गोत्र, कुल देवी देवता के अनुसार ही पूजा पाठ अनुष्ठान करने चाहिए ।

अविस्मरणीय संख्या ।

विश्व मे कही भी इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी एक आयोजन में एकत्रित नहीं होते। चाहे वह धार्मिक, खेल, युद्ध, अंतिम संस्कार या उत्सव हो। यह हमेशा कुंभ स्नान रहा है और इस साल 2025 यह महापूर्णकुंभ है, जो हर 144 साल बाद आता है, इस बार 45 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान करेंगे पवित्र महपूर्णकुंभ में, दुनिया के 47 देशों से।




यह सनातन हिंदू हैं। जय सनातन ।

आप दुनिया के किसी भी घर, देश, समाज मे चले जायें, आपको सनातन की जड़े अवश्य देखने को मिलेंगी। मनुष्यों का जन्म सनातनी ही होता है, भले ही आप उसके बाद कोई भी रूप अपना ले।



सांख्यिकी आकड़े ।

आश्चर्य कर देने वाली सांख्यिकी आकड़े की दुनिया, इन आंकड़ों को देखकर आश्चर्यचकित हो जा रहा है विश्व। 2019 में 24 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। 2025 में 44 दिनों में 45 करोड़ लोग पवित्र स्नान करेंगे, पहले दिन 1.75 करोड़ से अधिक लोगों, मकर संक्रांति 14 जनवरी को 3.50 करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया, दो दिनों में 5.25 करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया।

4,000 हेक्टेयर 40 स्क्वायर किलोमीटर जिसको 25 सेक्टर में बाटा गया है और यह फैला एक अस्थायी शहर जो हर कुम्भ में बनाया जाता है और हर माघ मास स्नान में, 150,000 टेंट, 3,000 रसोई, 150,000 शौचालय 9000 प्रिफैब्रिकेटेड शौचालय, 23000 सीमेंटएड शौचालय, 350 मोबाइल शौचालय, 500 वी आई पी शौचालय, 40,000 सुरक्षाकर्मी, 67,000 एलईडी लाइट, 2,700 **AI**–सक्षम कैमरे, स्वच्छ पेयजल की 1250 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है, 488 किलोमीटर की सड़कें बनाई गई है, 10,000 कार्य करने वाले कर्मचारि, जिनके बच्चो के लिए 2 महीनों तक स्कूल की व्यवस्था की गई, आदि। 13,000 ट्रेने और 7000 बसों की सुविधा की गई है। 44 स्नान घाट भी बनाये गये है ये हैरान करने वाले आंकड़े हैं। ये आंकड़े कई देशों की अर्थव्यवस्था और जनसंख्या से बहुत ज्यादा है।



भौतिक साक्ष्य ।

महा कुंभ भौतिक विज्ञान से परे है, मेरा विस्मय भौतिकवाद, सांख्यिकी या इस घटना के भौतिक पहलुओं के बारे में नहीं है। अपितु उस ज्ञान से है जिसे भौतिक ज्ञान अभी समझ भी नही पाया है।

कुंभ स्नान के प्रमुख दिन।

13 जनवरी (पौष पूर्णिमा)
14 जनवरी (मकर संक्रांति)
29 जनवरी (मौनी अमावस्या)
2 फरवरी (बसंत पंचमी)
12 फरवरी (माघी पूर्णिमा)
26 फरवरी (महाशिवरात्रि)

ब्रह्मांड के साथ संबंध और ज्ञान विज्ञान।

यह इस बारे में नहीं है कि हमारी आँखें क्या देख सकती हैं। यह आकार या संख्याओं के बारे में नहीं है। मुझे जो आश्चर्य होता है वह है जिसे हम प्राचीन कहते हैं, वह मानवता के ब्रह्मांड के साथ संबंध का ज्ञान।

मनुष्यों के लिये यह एक आश्चर्य है कि इसके अनुष्ठान आकाश में खगोलीय पिंडों के संरेखण, स्थिति और समय के संदर्भ में किए जाते हैं जो ब्रह्मांड के साथ मानव संबंध और मानव भाग्य और भविष्य पर इसके भौतिक और आध्यात्मिक प्रभाव को दर्शाते हैं। इसे चलाने वाली कोई शक्ति संरचना या राजनीतिक नीति नहीं है। यह आस्था के लिए अध्यात्म स्वदेशी है। यह किसी संगठित धर्म के बारे में नहीं है। यह पदानुक्रम के बारे में नहीं है। यह सिर्फ अध्यात्म है और कुछ नहीं ।जिसको हर किसी को जानना और समझना चाहिये।

वनस्पति हमारे पैरों के नीचे से लेकर तारों आकाशगंगा में तक ब्रह्मांड के साथ मानवता के संबंधों के बारे में हिंदू धर्म की समझ हिंदू धर्म में उन्नत ज्ञान का प्रमाण है जिसकी जड़ें और संबंध अलौकिक हैं। ध्यान करने वाले साधुओं की चेतना अंतरिक्ष और समय से परे सीमाओं तक पहुँचने में सक्षम है। यह मेरे और ब्रह्मांड के द्वैत के भ्रम को तोड़ता है।

भौतिक विज्ञान से परे।

मुझे लगता है कि रॉकेट के जरिए आज की अंतरिक्ष यात्रा एक आदिम तकनीक है। हमारा भौतिक शरीर हम नहीं हैं। हमें शारीरिक रूप से कहीं भी यात्रा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि एक बार जब हम समझ जाते हैं कि हम आत्मा हैं जो भौतिक अनुभव कर रहे हैं, तो स्थानीय कणों से, हम अनंत हो जाते हैं, पूरे का हिस्सा बन जाते हैं, हर जगह मौजूद होते हैं, जैसा कि उलझे हुए कण दिखाते हैं, दूरी और समय की बाधाएँ अस्तित्व खो देती हैं। जब हम शुद्ध चेतना बन जाते हैं, दिव्य प्रकाश का हिस्सा, कालातीत और निराकार हो जाते है।

यह विस्मय की बात है जब हिमालय के ऋषि, संत, साधु और क्वांटम यांत्रिकी ज्ञान के विशाल सागर में एक साथ पवित्र डुबकी लगाते हैं। यह कहना पर्याप्त नहीं है कि हिंदू धर्म प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ है। कोई द्वैत नहीं हैय यह प्रकृति ही है। हिंदू होना अपनी प्राकृतिक अवस्था में वापस आना है।

कुम्भ का अध्यात्म ।

ग्रहों नक्षत्रो का योग बनता है तब कुम्भ का समय आता है। जो सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने के बाद होता है। इस समय को मकर संक्रांति भी कहते है। यह वो समय है जब कुण्डलिनी चक्र एकाग्रित होती है और सुषुम्ना का प्रवाह सुरु होता है और इड़ा और पिंगला का प्रवाह रुक जाता है, इसी समय को समाधिस्त भी कहा जाता है। यह समय सिद्धियों और काया प्रवाह के लिए भी बहुत विशिष्ठ है।



कुंभयोग का काल निर्णय

हरिद्वार में कुंभकाल ।

पद्मिनीनायके मेषे कुंभराशि गते गुरौ।
गंगाद्वारे भवेत् योगरू कुंभनामा तदोत्तमरू।।

बृहस्पति कुंभ राशि एवं सूर्य राशि जब होते हैं, तब हरिद्वार में अमृत–कुंभयोग होता है।

वसंते विषुवे चौव घटे देवपुरोहिते।
गंगाद्वारे च कुन्ताख्यरू सुधामिति नरो यतरू।।

बसंत ऋतु में सूर्य जब मेष राशि में संक्रमण करता है एवं देव पुरोहित वृहस्पति कुंभ राशि में आते हैं, तब हरिद्वार में कुंभ मेला होता है। इस योग से मानव सुधा यानी अमृत प्राप्त करता है।

कुंभराशिगते जीवे यद्दिने मेषगेरवो।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति वर्ज्जनम्।।

जिन दिनों में बृहस्पति कुंभ राशि में एवं सूर्य मकर राशि में रहेंगे, उन्हीं दिनों हरिद्वार में कुंभ स्नान करने पर पुनर्जन्म नहीं होता।

प्रयाग में कुंभकाल ।

मेषराशिगते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ।
अमावस्या तदा योगरू कुंभख्यस्तीर्थ नायके।।

बृहस्पति मेष राशि में तथा चंद्र–सूर्य मकर राशि में जब आते हैं और अमावस्या तिथि हो तो तीर्थराज प्रयाग में कुंभयोग होता है।

नासिक में कुंभकाल ।

सिंहराशिगते सूर्ये सिहंराश्यां बृहस्पतौ।
गोदावर्यां भवेत कुम्भो जायते खुल मुक्तिदरू।।

बृहस्पति और सूर्य दोनों जब कुंभ राशि पर आते हैं, तब गोदावरी में मुक्तिप्रद कुंभयोग होता है।

कर्के गुरुस्तशा भानु चन्द्र चचन्द्रक्षयस्तथा।
गोदावर्यास्तदा कुम्भो जायतेवहनीमण्डले।।

कर्क राशि में वृहस्पति, सूर्य और चंद्र जब आते हैं, तब अमावस्या तिथि को गोदावरी तट पर (नासिक) कुंभयोग होता है।

उज्जयिनी में कुंभकाल ।

मेषराशिगते सूर्ये सिहंराश्यां वृहस्पतौ।
उज्जयिन्यां भवेत कुम्भरू सर्वसौख्य विवर्द्धनरू।।

सूर्य मेष राशि में एवं बृहस्पति सिंह राशि में जब आते हैं, तब उज्जयिनी (धारा) में सभी के लिए सुखदायक कुंभयोग आता है। चूंकि बृहस्पति सिंह राशि पर रहते हैं इसलिए सिंहस्थ कुंभयोग के नाम से ये प्रसिद्ध है।

घटे सूरिरू शशिसूयर्रू कुह्याम् दामोदरे यदा।
धारायाश्च तथा कुम्भो जायते खुल मुक्तिदरू।।

तुला राशि में बृहस्पति, चंद्र और सूर्य के एकत्रित होने पर अमावस्या तिथि के दिन धारा (उज्जयिनी) में शिप्रा तट पर मुक्तिप्रद कुंभयोग होता है।

कुंभ का ज्ञान और विज्ञान।

ज्ञान और महापूर्णकुंभ

सागर मंथन में जब अमृत कलश निकला तो असुर उसको लेने के लिए भागे और उसको बचाने में अमृत की चार बूंदे पृथ्वी पे चार जगह गिरी। वह स्थान हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक है, जहा कुंभ लगता है।

कुम्भ हर 3 वर्ष में आता है, अर्धकुम्भ हर 6 वर्ष में आता है, पूर्णकुंभ हर 12 वर्ष में आता है, 12 बार पूर्णकुंभ होने पे 12 × 12=144 वर्ष पे महापूर्णकुंभ आता है।

गंगाद्वारे प्रयागे च धारा गोदावरी तटे।
कलसाख्योहि योगोहयं प्रोच्यते शंकरादिभिरू।।

1. हरिद्वार (गंगाद्वार): बृहस्पति के कुंभ राशि में और सूर्य के मेष राशि में प्रवेश होने पर हरिद्वार में गंगा किनारे पर कुंभ का आयोजन होता है।

2. नासिक (गोदावरी): तीसरा बृहस्पति और सूर्य के सिंह राशि में आने पर नासिक में गोदावरी के किनारे पर कुंभ का आयोजन होता है।

3. उज्जैन (धारा): चौथा कुंभ उज्जैन में तब लगता है, जब बृहस्पति सिंह राशि में और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है। यह कुंभ मेला उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर लगता है।

4. प्रयागराज (अर्धकुंभ) प्रयागराज में जब बृहस्पति मेष राशि में और सूर्यचंद्र मकर राशि में अमावस्या के दिन प्रवेश करते हैं तब प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर अर्ध कुंभ लगता है। इस तिथि को कुंभ स्नान योग कहते हैं। इस दिन संगम स्नान से आत्मा को स्वर्ग की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।



पुराणों के अनुसार।

पुराणों के अनुसार क्षीरसागर में, जहां देवासुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था। मंथन दंड था– मंदर पर्वत, रज्जु था– वासुकि तथा स्वयं विष्णु ने कूर्म रूप में मंदर को पीठ पर धारण किया था। समुद्र मंथन के समय क्रमशः पुष्पक रथ, ऐरावत हाथ, परिजात पुष्प, कौस्तुभ, सुरभि, अंत में अमृत कुंभ को लेकर स्वयं धन्वंतरि प्रकट हुए थे। उक्त कुंभ को उन्होंने इंद्र को दिया था। इंद्र ने उसे अपने पुत्र जयंत को सौंपा। देवताओं की सलाह पर जयंत उस कुंभ को लेकर स्वर्ग की ओर दौड़ा। यह देखकर दैत्याचार्य ने क्रोधित होकर दैत्यों को आदेश दिया कि बलपूर्वक उस कुंभ को उससे छीने। देवासुर संग्राम होने लगा। 12 दिन तक युद्ध करने के बाद देवताओं का दल हार गया। इसी बीच पृथ्वी के कई स्थानों पर कुंभ से अमृत की बूंदे 4 स्थानों पर गिरी, उन्हीं स्थानों पर तब से श्कुंभ योग पर्वश मनाया जा रहा है। देवताओं के 12 दिवस नरलोक में 12 वर्ष होते हैं। वहीं वजह है कि प्रति 12 वर्ष के पश्चात कुंभ में स्नान करने के लिए यह महोत्सव होता है।

देवानां द्वादशाहोभिर्मर्त्यै द्वार्दशवत्सरै।
जायन्ते कुम्भपर्वाणि तथा द्वादश संख्यया।।

सूर्य, चंद्र और बृहस्पति देवासुर संग्राम के समय अमृत कुंभ की रक्षा करते रहे। इन तीनों का संयोग जब विशिष्ट राशि पर होता है, तब कुंभ योग आता है।

विज्ञान और महापूर्णकुंभ

जब कुंभ का समय होता है, तो ग्रहों और नक्षत्रो का योग बनता है जो मनुष्यों के दोषों को दूर करता है। और तमाम तरह की बीमारियों से दूर करता है। सूर्य की किरणें जब जल में पड़ती है तो जल एन्टी वायरल, एन्टी बैक्टीरियल फॉर्मेशन करता है। जिससे शरीर के अंदर और बाहर ये औषधिय काम करती है। जिससे हमारी रक्षा होती है और हम संक्रमण से बचते है। जब माघ महीने में सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं तो इसके ज्योतिषीय प्रभाव से सूर्य किरणों का पानी से रिफ्लेक्शन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इस कारण इस समय यहां का पानी औषधीकृत और अमृत तुल्य हो जाता है। मौनी अमावस्या पर सूर्य और चंद्र किरणों के मिलन के समय इसका प्रभाव सबसे अधिक होता है। जिससे हम संक्रमण से बचते है।

ध्यान और साधना का सर्वोत्तम समय

महाकुंभ का स्थान और समय दोनों ही विशेष ऊर्जा की उपस्थिति को सुनिश्चित करते हैं। महाकुंभ के समय खगोलीय घटनाएं न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि भौतिक और जैविक प्रभावों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण हैं। इस समय पृथ्वी और ग्रहों की स्थिति में आने वाले परिवर्तन मानव शरीर और मन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। इन खगोलीय घटनाओं के दौरान पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र सक्रिय होता है, जिससे संगम क्षेत्र में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। खगोलशास्त्रियों का मानना है कि इस दौरान ध्यान, योग, और साधना के माध्यम से मनुष्य अपनी चेतना को ऊंचे स्तर पर ले जा सकता है।

खगोल विज्ञान और परंपरा का अद्भुत समन्वय

महाकुंभ में खगोल विज्ञान और परंपराओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। वैदिक काल से ही खगोलशास्त्र भारतीय परंपराओं का हिस्सा रहा है। सूर्य, चंद्रमा, और अन्य ग्रहों की गति का अध्ययन कर धार्मिक अनुष्ठानों और त्योहारों का आयोजन किया जाता है। महाकुंभ में स्नान का महत्व खगोलीय घटनाओं से सीधे जुड़ा है। मान्यता है कि खगोलीय ऊर्जा संगम के जल को पवित्र बनाती है और उसमें स्नान करने से पापों का नाश होता है। खगोलीय स्थितियों के आधार पर ध्यान और साधना की विधियों को तय किया जाता है, जिससे मनुष्य ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ सके। महाकुंभ के दौरान खगोलीय चमत्कारों का प्रभाव केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि खगोलीय घटनाओं का प्रभाव मानव शरीर पर भी पड़ता है। इस दौरान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और ग्रहों के बीच उत्पन्न ऊर्जा मानव शरीर के जैविक कार्यों को भी प्रभावित करती है। वैज्ञानिकों मानते है कि खगोलीय घटनाओं के कारण जल के अणु अपनी संरचना बदलते हैं, जिससे संगम का पानी और अधिक शुद्ध और ऊर्जावान बन जाता है। महाकुंभ में जल का यह शुद्धिकरण इसे पवित्रता और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण बनाता है।

महाकुंभ का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में

महाकुंभ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्ष भी खगोलीय चमत्कारों से जुड़े हैं। प्राचीन ग्रंथों में महाकुंभ का उल्लेख मिलता है, जिसमें खगोलीय घटनाओं और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संबंध को उजागर किया गया है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण और महाभारत जैसे ग्रंथों में महाकुंभ के आयोजन और खगोलीय घटनाओं के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। इन ग्रंथों में बताया गया है कि खगोलीय ऊर्जा न केवल मानव जीवन को प्रभावित करती है,बल्कि यह ब्रह्मांडीय संतुलन को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



खगोल शास्त्र और आधुनिक विज्ञान

आधुनिक खगोलविद और वैज्ञानिक भी महाकुंभ की खगोलीय घटनाओं में गहरी रुचि लेते हैं। ग्रहों की गति और उनके प्रभाव पर अध्ययन कर यह सिद्ध किया गया है कि खगोलीय घटनाएं पृथ्वी के वातावरण, जलवायु, और मानव मन पर प्रभाव डालती हैं। उदाहरण के लिए, नासा और इसरो जैसे संगठनों ने ग्रहों की गति और उनके प्रभावों का अध्ययन कर यह समझने का प्रयास किया है कि ये घटनाएं पृथ्वी के प्राकृतिक चक्रों को कैसे प्रभावित करती हैं। महाकुंभ के खगोलीय चमत्कार यह दर्शाते हैं कि कैसे प्राचीन भारतीय परंपराओं ने ब्रह्मांड के गहन रहस्यों को समझा और उन्हें जीवन के हर पहलू में शामिल किया। यह आयोजन खगोल विज्ञान और आध्यात्मिकता के संगम का जीवंत उदाहरण है। आज, जब हम आधुनिक विज्ञान और प्राचीन परंपराओं को जोड़कर देखते हैं, तो महाकुंभ हमें यह सिखाता है कि खगोलीय ज्ञान और आध्यात्मिकता के माध्यम से हम न केवल ब्रह्मांड को, बल्कि अपने भीतर की अनंत ऊर्जा को भी समझ सकते हैं। महाकुंभ का यह संदेश मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो यह दर्शाता है कि विज्ञान और आध्यात्मिकता मिलकर कैसे मानवता के लिए नए आयाम खोल सकते हैं।


पृथ्वी पे सबसे बड़े धार्मिक आयोजन और शांति, सहजता और बंधुत्व।

दुनिया हतप्रभ है, कैसे ये संभव है, एक धार्मिक आयोजन और कई देशों से ज्यादा लोग एक मानव निर्मित सहर में सिर्फ 44 दिनों के लिए 40 किलोमीटर के दायरे में, बस सभी मग्न है अपने और भगवान में, आपने को जानने के लिए, अमृत की एक बूंद के लिए।

दुनिया के 47 देश महपूर्णकुंभ में।

अमेरिका, रूस, कनाडा, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, स्वीडन, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर, पेरू, चिली, साउथ अफ्रीका, नाइजीरिया, केन्या, श्री लंका, जिम्बाब्वे, मोरिशस, कोरिया, आदि ।

प्रकृति सनातन हिंदू है !




डा. अखिलेश
''चैयरमैन अर्शद्वीप गुप''

समस्त जनपद जौनपुर एवं उत्तर प्रदेश तथा देशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अशोक कुमार श्रीवास्तव
संभागीय निरीक्षक
संभागीय परिवहन कार्यालय, जौनपुर

समस्त जनपद वासियों प्रदेश वासियों और समस्त स्टाफ को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र NABH & ISO द्वारा प्रमाणित
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
लीवर, किडनी, पेट, आँत, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग का सफल, सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ



M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

## सत्य शांति आनंद महिला कल्याण समिति ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

प्रयागराज, ब्यूरो चीफं

सत्य शांति आनंद महिला कल्याण समिति ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति की अध्यक्ष, श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव, ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटकों



के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए और एक निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समिति की अध्यक्ष, श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव, ने कहा, षाणतंत्र दिवस हमारे देश के गौरव और एकता का प्रतीक है। समिति समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम ने सभी में देशभक्ति और एकता की भावना को प्रबल किया।

देश एवं उत्तर प्रदेश के समस्त कर्मचारी साथियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सूरज सिंह
मेसर्स मां लक्ष्मी इजीनियरिंग इंटरप्राइजेस
उल्दा कोट
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

## लखनऊ पहुंचे अशनीश ग्रोवर, बोले– स्टार्टअप के लिए रिस्क तो लेना होगा

लखनऊ, (संवाददाता)। गोमतीनगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में भारतपे के एमडी अशनीर ग्रोवर ने कहा कि स्टार्टअप हो या कारोबार बिना रिक्स के सफलता नहीं मिलने वाली है। रिस्क टू रिवार्ड के आधार पर ही आप कामयाब होंगे। अपनी कॅरिअर में हमने कई उतार चढ़ाव देखें। शेयर मार्केट, इन्वेस्टर या अन्य क्षेत्र में कॅरिअर बनाना हो। आप को 100 फीसदी योगदान देना ही होगा। जो लोग भी शेयर मार्केट में पैसे लगाते हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि आप का पैसा कहां और किस उद्देश्य जा रहा है। बैंकिंग व्यवस्था पर एक फीसदी भरोसा नहीं करना चाहिए। पैसा आपका और ब्याज खुद लेते हैं। ग्रोवर ने कहा कि कर्मचारी को केवल पैसा दिखता है। उसे जहां भी ज्यादा पैसा मिलेगा जाएगा। आप की कंपनी से उसे फायदा नहीं मिल रहा है या सुकून नहीं मिल रहा है तो उसमें आप की असफलता है। एक कर्मचारी को कंपनी से जोड़ने के उसकी भावनाओं को समझना चाहिए। अपने कार्यों को लेकर उन्होंने कहा कि शुरुआत दुकानदार और ग्राहकों के बीच से की।यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए पैसे की लेनदेन व्यवस्था शुरू हुई और काम पर लोगों का भरोसा जगा। धीरे–धीरे काम में विस्तार हुआ और आज नजीर के रूप में है।

देश एवं उत्तर प्रदेश के समस्त कर्मचारी साथियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



कृतार्थ सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
मिनिस्टीरियल एसोसिएशन
इरिगेशन डिपार्टमेंट
उत्तर प्रदेश,
कार्यालय - उदयगंज,
लखनऊ

समस्त देश वासियों तथा अपने सभी सनातन भाई, बन्धुओं को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



इं. शिवाकांत उपाध्याय
सेवानिवृत्त
अधीक्षण अभियंता
जनपद वाराणसी

## कर्तव्य पथ परेड के साक्षी बनेंगे प्रधान वीरेंद्र शुक्ला

लखनऊ, (संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित होने वाली (राष्ट्रीय परेड) में राजधानी के माल विकास खंड गोड़वा बरौकी के प्रधान वीरेंद्र कुमार शुक्ला को भी शामिल होने का मौका मिलेगा। उन्हें निमंत्रण भी मिल चुका है। वीरेंद्र ने बताया कि राष्ट्रीय परेड का आमंत्रण मिलने से वह काफी उत्साहित और पंचायत में कराए गए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। वह शुक्रवार को ही दिल्ली रवाना हो गए है। बता दें कि निदेशक पंचायती राज विभाग की ओर से जनपदों से 129 प्रतिनिधियों को चयनित किया गया है। इसमें प्रधानों को नामित किया गया है।

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव
(पूर्व बैंक प्रबंधक )
जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर
सदस्य श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति जौनपुर,
संरक्षक संगत पंगत जौनपुर

देश की उपासना सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को गणतंत्र की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए



इं. अजीत नन्द
अवर अभियंता,
सिंचाई विभाग,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश

## गणतंत्र दिवस रिहर्सल में जोर आजमाईश, जाम बना मुसीबत

लखनऊ, (संवाददाता)। विधान भवन के सामने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। परेड में देश भक्ति गीतों पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस दौरान सेना, पुलिस, पीएसी और एटीएस के जवान कदमताल करते नजर आए। परेड चारबाग से विधान भवन होकर केडी सिंह स्टेडियम जाकर समाप्त हुई। इसमें सेना का शौर्य देखने को मिला। उधर, परेड की वजह से डायवर्जन किया गया था, जिसकी वजह से दफ्तर के लिए निकले लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। परेड के दौरान आसमान से हेलिकॉप्टर ने भी पुष्पवर्षा की। परेड में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। महिला होमगार्ड्स का शक्ति प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। अलग–अलग विभागों के बैंड ने देशभक्ति गीतों की धुन बजाई तो लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की सांकेतिक फ्लीट भी पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा। पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अफसर भी मौजूद रहे। हजरतगंज, कैसरबाग और चारबाग तक लगी कतार परेड के लिए पूर्व में डायवर्जन प्लान जारी किया गया था। लोगों से वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की गई थी।

आप सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इं. संजय श्रीवास्तव
अवर अभियंता,
सिंचाई विभाग,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को गणतंत्र की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



इं. शेर सिंह विश्वकर्मा
अवर अभियंता,
सिंचाई विभाग,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।